
# पंजाब केसरी (Punjab Kesari)

| दिनांक (Dated): 22.06.2025 | पृष्ठ सं० (Page No). 05 | क्रम सं०(Serial No.) 05 |
|---|---|---|




## सीआईएसएफ की 430 इकाइयों में हुआ योग

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने शनिवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में देशभर की अपनी 430 से अधिक इकाइयों और संरचनाओं में कार्यक्रमों का आयोजन कर योग दिवस को सफलतापूर्वक संपन्न किया। पूरे जून महीने में सीआईएसएफ के जवानों, परिजनों और आम नागरिकों के लिए नियमित योग अभ्यास और विशेष कक्षाएं आयोजित की गईं। प्रशिक्षित योग साधकों की देखरेख में इन सत्रों का संचालन किया गया, जिसमें स्थानीय स्कूलों के छात्र और आसपास के इलाकों के लोग भी शामिल हुए।